# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (17.05.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:17.05.2025, PAGE-08

# बीआरएबीयू: पीजीआरसी की बैठक में 411 शोध प्रस्ताव पास

- बॉटनी, मैथ व कंप्यूटर साइंस में सिनॉप्सिस रुके
- कुलपति बोले, शोध की गुणवत्ता बरकरार रखें

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में शुक्रवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में पोस्ट ग्रेज्युट रिसर्च काउंसिल (पीजीआरसी) की बैठक हुई। इसमें विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के शोध प्रस्तावों पर सभी विभागाध्यक्षों और संकाय अध्यक्षों के साथ चर्चा की गई। इसके बाद 411 शोध प्रस्तावों को पास कर दिया गया।

बैठक में कुलपति ने कहा कि शोध की गुणवत्ता बरकरार रखी जाए। शोध उच्च स्तर का होनाा चाहिए। जिस सिनाप्सिस में कुछ गड़बड़ी लगे उसे रिजेक्ट कर दिया जाए। बैठक में रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान, संकाय डीन प्रो. शिवानंद सिंह, समाजिक विज्ञान डीन प्रो. संगीता रानी शामिल रहीं। बैठक में जूलॉजी में 38 शोध प्रस्ताव पास हुए। बॉटनी में एक छात्र के सिनाप्सिस को रोका गया। विभागाध्यक्ष प्रो. रंजना ने बताया कि छात्र किसी संस्थान में नौकरी करता है, इसलिए उसका शोध प्रस्ताव पास नहीं हुआ। बॉटनी में 20 तो केमेस्ट्री में 16 शोध प्रस्ताव पास हुए। फिजिक्स की विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता सिन्हा ने बताया कि उनके विषय में 15 शोध प्रस्ताव पास हुए। गणित के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार ने बताया कि 20 शोध प्रस्ताव थे जिसमें से 19 पास हुए। कंप्यूटर साइंस में 11 शोध प्रस्ताव में से 9 पास हुए। दो छात्र ने सिनाप्सिस नहीं जमा किया था। वहीं, पूर्व के एक शोध प्रस्ताव को रोका गया, उसे बाद में पास किया जाएगा।



बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित पीजीआरसी की बैठक में शोध प्रस्ताव की जांच करते विभागाध्यक्ष।

अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो. विनिता वर्मा ने बताया कि विषय में 41, साइकोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रो. रजनीश गुप्ता ने बताया कि 65, इतिहास विभाग की अध्यक्ष प्रो. रेणु ने बताया कि 64, राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम पांडेय ने बताया कि 42, इलेक्ट्रानिक्स में छह और होम साइंस में 44 शोध प्रस्ताव पास हुए। भूगोल की विभागाध्यक्ष ने प्रो. रूपा ने बताया कि 31 शोध प्रस्ताव पास हुए।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 17.05.2025, PAGE-04**

### कुलपति प्रो० डी०सी० राय ने किया स्वागत

## सेना के सम्मान में आरबीबीएम से निकली 151 फीट की तिरंगा यात्रा



कालेज की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल छात्राएं व अन्य • जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना के सम्मान में शुक्रवार को आरबीबीएम कालेज से 151 फीट की तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें आरबीबीएम कालेज की 500 से अधिक छात्राएं, शिक्षकों के साथ-साथ सभी कर्मचारी शामिल हुए। यह यात्रा कालेज कैंपस से निकलकर छाता चौक, एलएस कालेज होते हुए विश्वविद्यालय कैंपस पहुंची और फिर वापस कालेज लौट गई। इस दौरान जय हिंद, जय हिंद की सेना, आपरेशन सिंदूर जिंदाबाद समेत देशभक्ति के नारे से पूरा कैंपस गूंज उठा। विश्वविद्यालय में यात्रा का स्वागत कुलपति प्रो. डीसी राय ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं का मनोबल बढ़ाया और तिरंगा यात्रा को सलामी दी। इस मौके पर कालेज एनएसएस और एनसीसी की छात्राओं के अलावा सैकड़ों अन्य छात्राएं शामिल हुईं। प्राचार्या डा. ममता रानी के हरी झंडी के साथ ही यात्रा शुरू हुई। मौके पर डा. नूपुर वर्मा, डा. चेतना वर्मा, डा. अशोक निगम, डा. अभय कुमार,डा. अन्नू कुमारी, डा. पुतुल,डा. मंजुल श्री, डा. पूजा शेखर, डा. शिप्रा,डा. अफ़सा बानो, डा. मीनू, डा. निशात फातमा, डा.नाहिद कौसर, डा. प्रियंका, संजय पांडे आदि उपस्थित थे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 17.05.2025, PAGE-04**

## पीजीआरसी में साइंस व सोशल साइंस का शोध प्रस्ताव मंजूर

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में रिसर्च मैन्युअल के मानकों को पूरा नहीं करने वाले शोध प्रस्ताव को रोका जाएगा। शुक्रवार को सीनेट हाल में साइंस और सोशल साइंस संकाय के विषयों के लिए पीजीआरसी की बैठक हुई। इसमें करीब 14 विषयों में 500 शोध प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। कंप्यूटर एप्लीकेशन के एक शोध प्रस्ताव में संशोधन को सुझाव दिया गया है।

कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि सभी शोध प्रस्तावों की वस्तुनिष्ठता के साथ जांच की जाए। अगर सुधार या बदलाव की जरूरत है तो अभी ही किया जाए। बाद में डिग्री अवार्ड करने के समय किसी भी शोधार्थी को रोकने की नौबत न आए। अब सोमवार को बाकी संकायों के लिए पीजीआरसी की बैठक होगी। सीनेट हाल में कुलपति और विभिन्न विषयों के लिए गठित कमिटी के



विश्वविद्यालय सीनेट हाल मे पीजीआरसी शोध प्रस्ताव की जांच करते शिक्षक • जागरण


सदस्य उपस्थित हुए। गणित में 30, कंप्यूटर एप्लीकेशन में नौ, जूलाजी में 37, भौतिकी में 14, बाटनी में 41, केमिस्ट्री में 15, मनोविज्ञान में 72, अर्थशास्त्र में 41, भूगोल में 31, इतिहास में 64, होम साइंस में 45, राजनीति विज्ञान में 42, समाजशास्त्र में चार, इलेक्ट्रानिक्स में छह शोध प्रस्ताव को मंजूरी दिया गया।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 17.05.2025, PAGE-04**

## स्नातक में वैल्यू एडेड समेत तीन कोर्स की परीक्षा अब ओएमआर शीट पर

- अब तक कापी पर होती थी परीक्षा, ओएमआर से जल्द जारी होगा परिणाम
- स्नातक के फर्स्ट, सेकेंड, थर्ड और फोर्थ सेमेस्टर में एईसी, एसईसी व वीएसी की होगी परीक्षा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब स्नातक पाठ्यक्रम में तीन पत्रों की परीक्षाएं ओएमआर शीट पर होंगी। इसमें एईसी (एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स), स्किल एन्हांसमेंट कोर्स (एसईसी) और वैल्यू एडेड कोर्स (वीएसी)शामिल हैं। इन पत्रों में प्रश्न आब्जेक्टिव होंगे और उनकी परीक्षा ओएमआर शीट पर ली जाएगी। परीक्षा के तुरंत बाद ही परिणाम जारी कर दिया जाएगा। चार वर्षीय स्नातक कोर्स के फर्स्ट और सेकेंड सेमेस्टर में तीन-तीन पत्र, थर्ड सेमेस्टर में दो पेपर और फोर्थ सेमेस्टर में एक पेपर की परीक्षा ओएमआर शीट पर ली जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन की अनुमति



### तत्काल प्रभाव से लागू होगा...

- रेगुलेशन के अनुसार किया गया है। ओएमआर पर होगी तो जल्द ही परीक्षा का परिणाम
- 1.50 लाख बच्चे गुणा 30 रुपे मूल्यांकन में .
- अब 10 रुपये प्रति छात्र हो जाएगा...

मिलने के साथ ही इसे तत्काल प्रभाव से आगामी स्नातक की परीक्षाओं में लागू कर दिया जाएगा। चार वर्षीय स्नातक कोर्स में पिछले वर्ष नामांकित विद्यार्थियों के लिए (सत्र 2024-28) के लिए सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा होनी है। वहीं सत्र 2023-27 में नामांकित विद्यार्थियों के लिए फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा भी होनी है। इन दोनों परीक्षाओं में ओएमआर शीट का प्रयोग होगा। सेकेंड सेमेस्टर में करीब 1.50 लाख विद्यार्थी तो फोर्थ सेमेस्टर में 1.20 लाख के आसपास विद्यार्थी शामिल होंगे। अब तक वीएसी, एसईसी और एईसी की परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं पर होती थी। सभी संकाय के विद्यार्थियों को इसमें शामिल होने की अनिवार्यता के कारण सबसे अधिक परीक्षार्थी इसी पत्र में होते थे। इस कारण एक महीने से अधिक समय तक केवल इसी पेपर का मूल्यांकन होता था। इस कारण रिजल्ट समय पर प्रकाशन में देरी होती थी। दूसरी ओर नई व्यवस्था लागू होने से विश्वविद्यालय को लाखों रुपये की बचत होगी। ओएमआर शीट पर परीक्षा होने से अब इसकी जांच में शिक्षकों को नहीं लगाया जाएगा। कंप्यूटर से स्कैन कर रिजल्ट जारी हो जाएगा। इससे टीए, डीए और रेमुनरेशन का खर्च बचेगा। करीब एक तिहाई से भी कम लागत में परीक्षा और परिणाम जारी हो जाएगा। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने कहा कि वैल्यू एडेड समेत अन्य कोर्स की परीक्षा ओएमआर शीट पर होने से काफी सहूलियत होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:17.05.2025, PAGE-04

# विश्वविद्यालय में इस वर्ष होंगी 88 परीक्षाएं

## बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के लिए जारी किया परीक्षा कैलेंडर

- परीक्षा से लेकर रिजल्ट प्रकाशन की तिथि भी हुई जारी
- परीक्षा कैलेंडर को वेबसाइट पर भी किया जाएगा अपलोड



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में इस वर्ष तक 88 परीक्षाएं होंगी। विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अपना परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें चार वर्षीय स्नातक कोर्स, पीजी कोर्स, वोकेशनल कोर्स, ला कोर्स से लेकर डिप्लोमा स्तरीय कोर्स की परीक्षाएं शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने इन परीक्षाओं की संभावित तिथि और रिजल्ट प्रकाशन की तिथि भी जारी की है। परीक्षा विभाग की ओर से बताया गया है कि इसी कैलेंडर के अनुसार परीक्षाएं होंगी। कैलेंडर को वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा ताकि छात्र-छात्राओं को इसकी जानकारी मिल सके। दूसरी ओर परीक्षा कैलेंडर की जानकारी उच्च शिक्षा विभाग के साथ-साथ राजभवन को भी दी जाती है। कैलेंडर के अनुसार कई परीक्षाओं का आयोजन हो चुका है। वहीं कई परीक्षाएं अगले महीने तक कराई जानी है। दूसरी ओर कुछ परीक्षाओं के आयोजन के बाद उत्तर पुस्तिकाओं की जांच चल रही है। अधिकांश वोकेशनल कोर्स की परीक्षा का आयोजन जून महीने में प्रस्तावित है। वहीं इसका परिणाम अगस्त तक जारी करने का दावा किया गया है।

परीक्षा नियंत्रक डा. सुखलाल पासवान ने बताया कि परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय की कोशिश है कि कैलेंडर का पालन किया जाए। इसी के अनुसार परीक्षा और रिजल्ट जारी किए जाने का प्रावधान है।

**कैलेंडर लागू करने में शुरुआत में ही पिछड़ा विश्वविद्यालय :** विश्वविद्यालय ने परीक्षा कैलेंडर तो जारी कर दिया है लेकिन शुरुआत में ही इसे लागू करने में विश्वविद्यालय पिछड़ गया है। कई परीक्षाएं समय पर नहीं शुरू हो सकी हैं तो कइयों के परिणाम जारी करने की समयसीमा समाप्त होने वाली है। स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा हो चुकी है। इसका परिणाम जारी करने की संभावित तिथि 26 मई निर्धारित की गई है। अभी भी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन चल रहा है। इस हिसाब से निर्धारित तिथि तक रिजल्ट जारी करना चुनौतीपूर्ण होगा। दूसरी ओर पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा चल रही है। कैलेंडर के अनुसार रिजल्ट जारी करने की संभावित तिथि 30 मई निर्धारित है। अब तक की तैयारी से समय पर रिजल्ट जारी होना संभव नहीं दिख रही है। पीजी के सत्र 2024-26 में नामांकित छात्र-छात्राओं के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा और रिजल्ट का कोई उल्लेख कैलेंडर में नहीं है। बताया जा रहा है कि कैलेंडर तैयार करने के समय नामांकन प्रक्रिया चल रही थी। बताया जा रहा है कि परीक्षा जून महीने में कराई जा सकती है। स्नातक पाठ्यक्रम में सेमेस्टर सिस्टम लागू होने से अब हर छह महीने पर सेमेस्टर परीक्षा होनी है। इस कारण परीक्षा विभाग पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा है।

### परीक्षाओं की तिथि और रिजल्ट की संभावित तिथि

| परीक्षा | आयोजन की तिथि | रिजल्ट की संभावित तिथि |
|---|---|---|
| स्नातक सेकंड सेमेस्टर (2024 - 28) | 29 मई | 25 जुलाई |
| पीजी फोर्थ सेमेस्टर (2023 - 25) | 22 जुलाई | 10 सितंबर |
| टीडीसी पार्ट थर्ड (2022-25) | जून | सितंबर |
| बीबीए, बीसीए छठा सेमेस्टर (2022-25) | जून | अगस्त |
| बीबीए, बीसीए फोर्थ सेमेस्टर (2023 - 26) | जून | अगस्त |
| बीबीए, बीसीए सेकंड सेमेस्टर (2024 - 27) | जून | अगस्त |
| एमसीए सेकंड सेमेस्टर - (2024 - 27) | जून | अगस्त |
| एमसीए फोर्थ सेमेस्टर (2023 - 26) | जून | अगस्त |
| एमसीए सिक्सथ सेमेस्टर (2022 - 25) | जून | अगस्त |
| एलएलबी पार्ट थ्री (2022 - 25) | नवंबर 2025 | 31 जनवरी 2026 |
| एलएलबी पार्ट टू (2023 - 26) | नवंबर 2025 | 31 जनवरी 2026 |
| एलएलबी पार्ट वन (2024 - 27) | नवंबर | 31 जनवरी 2026 |
| प्री ला फाइव (2020-25) | नवंबर | 31 जनवरी |
| प्री ला फोर (2021 - 26) | नवंबर | 31 जनवरी |
| प्री ला थर्ड (2022-27) | नवंबर | 31 जनवरी |
| प्री ला टू (2023 - 28) | नवंबर | 31 जनवरी |
| प्री ला वन (2024 - 29) | नवंबर | 31 जनवरी |

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 17.05.2025, PAGE-04**

# बीआरएबीयू का परीक्षा कैलेंडर तैयार, एक वर्ष में 88 परीक्षाएं

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से शैक्षणिक सत्र 25-26 की परीक्षा का कैलेंडर तैयार कर लिया गया है. अगले एक वर्ष में विवि 88 परीक्षाएं करायेगा. स्नातक, पीजी, बीएड, लॉ, वोकेशनल व प्रोफेशनल कोर्स की परीक्षाओं के लिए संभावित माह का प्रस्ताव तैयार कर लिया है. इसके परिणाम के लिए संभावित समय का भी जिक्र परीक्षा कैलेंडर में किया गया है. इसी कैलेंडर के अनुसार विवि परीक्षाएं आयोजित करेगा. तय अवधि में परिणाम जारी करने की भी पूरी कोशिश होगी. परीक्षा कैलेंडर राजभवन व उच्च शिक्षा विभाग को भी भेजा गया है. कैलेंडर में जिन परीक्षाओं का जिक्र किया गया है, उनमें से कई परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं. इनका परिणाम आना है. कुछ परीक्षाओं के बाद उनकी कॉपियों की जांच चल रही है. वोकेशनल कोर्स की परीक्षाएं जून में ली जायेंगी. इसके दो माह बाद अगस्त में रिजल्ट जारी करने का डेटलाइन तय हुआ है. इसी प्रकार एलएलबी व प्री-लॉ की परीक्षाएं नवंबर में ली जायेंगी. अगले वर्ष जनवरी में इसका परिणाम जारी होगा. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने बताया कि कैलेंडर के अनुसार परीक्षाएं आयोजित करने की योजना है. निर्धारित माह में हर हाल में परिणाम जारी हो सके इसके लिए पूरी कार्ययोजना तैयार की जा रही है.

## स्नातक द्वितीय सेमेस्टर में 20 तक नामांकन

विवि की ओर से स्नातक सत्र 24-28 के प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट इसी महीने जारी किया गया है. द्वितीय सेमेस्टर में 20 मई तक दाखिला लेने की तिथि है. विवि की ओर से जारी कैलेंडर में द्वितीय वर्ष की परीक्षा मई में ही प्रस्तावित है. ऐसे में इस शेड्यूल के अनुसार परीक्षा का आयोजन मुश्किल लग रहा है. आधा से अधिक मई बीत चुका है. नामांकन के बाद 10 दिनों में फॉर्म भराने से लेकर एडमिट कार्ड जारी करने और परीक्षा का कार्यक्रम तय करना मुश्किल है.

## परीक्षाओं की तिथि और रिजल्ट की संभावित तिथि

- **परीक्षा - संभावित माह - रिजल्ट जारी होने की तिथि**
- स्नातक द्वितीय सेमेस्टर (2024-28) - 29 मई - 25 जुलाई
- पीजी चतुर्थ सेमेस्टर (2023-25) - 22 जुलाई - 10 सितंबर
- टीडीसी पार्ट थर्ड (2022-25) - जून - सितंबर
- बीबीए, बीसीए छठा सेमेस्टर (2022-25) - जून - अगस्त
- बीबीए, बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर (2023 - 26) - जून - अगस्त
- बीबीए, बीसीए द्वितीय सेमेस्टर (2024 - 27) - जून - अगस्त
- एमसीए द्वितीय सेमेस्टर - (2024 - 27) - जून - अगस्त
- एमसीए चतुर्थ सेमेस्टर (2023- 26) - जून - अगस्त
- एमसीए छठा सेमेस्टर (2022-25) - जून - अगस्त
- एलएलबी तृतीय वर्ष (2022 - 25) - नवंबर 2025 - 31 जनवरी 2026
- एलएलबी द्वितीय वर्ष (2023 - 26) - नवंबर 2025 - 31 जनवरी 2026
- एलएलबी प्रथम वर्ष (2024 - 27) - नवंबर - 31 जनवरी 2026
- प्री लॉ पांचवां वर्ष (2020-25) - नवंबर - 31 जनवरी
- प्री लॉ चतुर्थ वर्ष (2021 - 26) - नवंबर - 31 जनवरी
- प्री लॉ तृतीय वर्ष (2022-27) - नवंबर - 31 जनवरी
- प्री लॉ द्वितीय वर्ष (2023 - 28) - नवंबर - 31 जनवरी
- प्री लॉ प्रथम वर्ष (2024 - 29 ) - नवंबर - 31 जनवरी

**Ref:.....................** **Date:...........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 17.05.2025, PAGE-04


# विवि ओएमआर शीट पर लेगा तीन पेपर की परीक्षा

**मुजफ्फरपुर**. बीआरएबीयू ने ससमय परिणाम जारी करने को लेकर तीन प्रमुख विषय जिनमें विद्यार्थियों की संख्या सबसे अधिक है, इनका पेपर ओएमआर शीट पर लेने का निर्णय लिया है. एइसी (एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स), स्किल एन्हांसमेंट कोर्स (एसइसी) व वैल्यू एडेड कोर्स (वीएसी) की परीक्षाएं ओएमआर शीट पर ली जाएंगी. इनमें वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे. परीक्षा समाप्ति के ठीक बाद कंप्यूटर की मदद से इन कॉपियों का मूल्यांकन तेजी से हो सकेगा. चार वर्षीय स्नातक कोर्स में सत्र 2024 - 28 के द्वितीय सेमेस्टर व सत्र 2023 - 27 के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में पहली बार इसका उपयोग किया जायेगा. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने कहा कि इन कोर्स में विद्यार्थियों की संख्या काफी अधिक है. ऐसे में ससमय परिणाम जारी करने के लिए यह निर्णय लिया गया है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 17.05.2025, PAGE-04

# 500 शोध प्रस्तावों को पीजीआरसी से मिली स्वीकृति

- कंप्यूटर साइंस का एक प्रस्ताव सुझाव के साथ डीआरसी को किया गया वापस
- 19 को शोध विषयों की बैठक होगी, स्वीकृति संग शुरू हो जाएगी शोध की प्रक्रिया



वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से शुक्रवार को पैट-2021 के लिए पोस्ट ग्रेजुएट रिसर्च काउंसिल (पीजीआरसी) की बैठक सीनेट सभागार में हुई. कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में साइंस व सोशल साइंस संकाय के 500 से अधिक शोधार्थियों के शोध प्रस्तावों पर स्वीकृति दे दी गयी. कंप्यूटर अप्लीकेशन के एक छात्र के शोध प्रस्ताव को संशोधन के सुझाव के साथ डीआरसी को लौटा दिया गया. दिशा-निर्देश के अनुसार संशोधन के बाद फिर से इसे पीजीआरसी में रखा जायेगा.

**प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए 19 को बैठक:** अन्य विषयों के शोध प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए 19 मई को बैठक बुलाई गयी है. बताया गया कि दो संकाय के 15 विषयों के कुल 501 शोध प्रस्ताव बैठक में प्रस्तुत किए गए. विभिन्न विषयों के लिए गठित अलग-अलग कमेटियों ने शोध प्रस्तावों को देखा. इसके बाद एक शोध प्रस्ताव को सुझाव के साथ डीआरसी को लौटा दिया गया. पीजीआरसी से स्वीकृति मिलने के बाद अब शोध की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी.

**मनोविज्ञान में सर्वाधिक 72 शोध प्रस्ताव:** मनोविज्ञान में सबसे अधिक 72 शोध प्रस्ताव था. इतिहास में 64, दर्शनशास्त्र में 50, गृहविज्ञान में 45, राजनीति विज्ञान में 42, बॉटनी व अर्थशास्त्र में 41-41, जूलॉजी में 37, भूगोल में 31, गणित में 30, रसायनशास्त्र में 15, भौतिकी में 14, कंप्यूटर अप्लीकेशन में 9, इलेक्ट्रॉनिक्स में 6 व समाजशास्त्र में 4 शोध प्रस्ताव रखे गये.